हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 जनवरी 2026

04 सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्रों ने सभी को किया...




07 एंबुलेंस सुविधाविहीन, जिम्मेदार मौन






## समाचार संक्षेप

### एमपीसीए अध्यक्ष महानार्यमन सिंधिया तीन दिवसीय गुना दौरे पर

**गुना।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया रविवार से तीन दिवसीय ग्वालियर - गुना यात्रा पर रहेंगे । रविवार दोपहर 3.15 बजे ग्वालियर एयरपोर्ट लैंड करने के बाद संध्या 6 बजे सोनचिड़िया चौराहा से गांधी पेट्रोल पम्प ( झाँसी तिराहा ) तक विशाल रॉड से शो का आयोजन कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया है । इसके बाद शिवपुरी में एक नागरिक अभिनंदन एवं युवा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन भी है । दिनांक 5 जनवरी को शिवपुरी कोलारस, पिछोर एवं चंदेरी में कई कार्यक्रम है । मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष बनने के बाद यह महानआर्यमन सिंधिया पहली बार अपने गुना क्षेत्र के दौरे पर आ रहे है ।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** सहायक प्रबंधक शहर म.प्र.म.क्षे.वि.वि.क.लिमि. ने बताया कि 33/11 के.व्ही. पावर हाउस सब-स्टेशन 11 के.व्ही. बूढेब्रालाजी फीडर एवं 11 के.व्ही. नजूल फीडर पर 05 प्रतिशत सुपरविजन योजनांतर्गत कार्य होने से दिनांक 04 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे से दोपहर 01 बजे तक मटकरी कॉलोनी, मथुरा नगर, भार्गव कॉलोनी, नजूल एवं सरस्वती बिहार कॉलोनी, जयस्तंभ चौराहा, सोनी कॉलोनी, दुबे कॉलोनी, चौधरन कॉलोनी, तलैया मोहल्ला, आसमानीमाता मंदिर, न्यू टेकरी रोड़ वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त विद्युत काटोत्री को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया जा सकता हैं।

### नाप-तौल विभाग ने गुना की 42 संस्थाओं की जांच

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार नाप-तौल विभाग, गुना द्वारा जिले में 42 संस्थानों की जांच की गई। जांच के दौरान किराना दुकानों, फल-सब्जी विक्रेताओं, मसाला एवं आटा चक्की, कृषि सेवा केंद्र, गल्ला व्यापारियों सहित अन्य संस्थानों को शामिल किया गया। जांच में विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 की धारा 24 एवं 33 के अंतर्गत 07 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। नाप-तौल विभाग द्वारा उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार की जांच संपूर्ण जिले में निरंतर जारी रहेगी।

### मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्टार्टअप को प्रति माह 10,000 तक की सहायता

**गुना ।** मध्यप्रदेश शासन, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 24 फरवरी 2025 के बाद स्थापित होने वाले पात्र स्टार्टअप को मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति 2025 अंतर्गत रु. 10000/-प्रतिमाह की दर से 12 माह तक सहायता दी जा रही है। उक्त सहायता हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, गुना में संपर्क किया जा सकता है। ऐसे स्टार्टअप्स (डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त) जिन्हें फंडिंग/ऋण की आवश्यकता हो वे बैंक के माध्यम से एमएसएमई विभाग की मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजनान्तर्गत ऋण प्राप्त कर सकते हैं तथा प्राप्त ऋण पर 5% ब्याज अनुदान तथा गारंटी फीस की प्रतिपूर्ति के साथ साथ मध्यप्रदेश स्टार्टअप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2025 अंतर्गत 15-18% तक की अनुदान सहायता तथा अन्य प्रकार की सहायतायें भी प्राप्त कर सकेंगे। इच्छुक आवेदक जानकारी गूगल फॉर्म में दर्ज कर सकते हैं। जिससे उनसे संपर्क कर 11-12 जनवरी को भोपाल में आयोजित म.प्र. स्टार्टअप समिट 2026 कार्यक्रम में उन्हें लाभान्वित कराया जा सके।

### फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पंजीयन कराने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

**गुना।** श्रम आयुक्त, मध्यप्रदेश, इंदौर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा जिला स्तरीय विभागीय समीक्षा में दिये निर्देशों के अनुपालन में जिला गुना में मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अंतर्गत स्व-घोषणा प्रणाली का दुरुपयोग कर फर्जी/कूटरचित दस्तावेजों एवं गलत जानकारी के आधार पर पंजीयन प्राप्त करने वाले व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।जांच के दौरान जिला गुना में इस प्रकार के 07 प्रकरण प्रकाश में आए हैं, जिनमें दीपक इण्डस्ट्रीज खाटू श्याम मन्दिर रोड कुशमोदा गुना, धाकड़ क्लिनिक ग्राम करोद बरखेडा गिर्द, एन.एस.जी.स्पोर्ट एण्ड कैफे बूढे बालाजी हरिपुर रोड, सुनील राठौर कृष्णानी कालोनी बी.जी.रोड, विनोद राठौर एण्ड संस वार्ड नम्बर 09 टेकरी रोड बूढे बालाजी,श्री राधा इन्टरप्राईजेस एवं सुनबेल्ट इन्टरप्राईजेस जगदीश कालोनी, उक्त संबंधित व्यक्तियों द्वारा शासकीय अधिकारियों को गुमराह करने के उद्देश्य से भ्रामक एवं असत्य जानकारी प्रस्तुत की गई, कूटरचित/फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग किया गया तथा शासन की ऑनलाइन स्व-घोषणा प्रणाली का जानबूझकर दुरुपयोग कर अनुचित लाभ प्राप्त किया गया। उक्त कृत्य भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत संज्ञेय एवं दंडनीय अपराध की श्रेणी में आते हैं। प्रकरणों में धारा 316, 318, 336, 338, 340 सहित अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत संबंधित थाना कोतवाली, गुना में एफ.आई.आर. दर्ज कर विधि अनुसार विवेचना एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रशासन द्वारा आमजन एवं व्यवसायियों से अपील की गयी है कि वे शासकीय अधिनियमों के अंतर्गत पंजीयन/अनुमतियाँ केवल सही एवं सत्य जानकारी के आधार पर ही प्राप्त करें। फर्जी दस्तावेज या गलत जानकारी के आधार पर पंजीयन कराने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एसडीएम राघौगढ़ द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरण, जनसहयोग की अपील

**गुना।** शीत ऋतु की तीव्रता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी राघौगढ़ अमित सोनी द्वारा आज नगर क्षेत्र में जरूरतमंद एवं निराश्रित व्यक्तियों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर एसडीएम द्वारा बस स्टैण्ड राघौगढ़, शासकीय चिकित्सालय परिसर, रेलवे स्टेशन रुठियाई एवं साडा.चौराहा सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण कर स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर कंबल वितरण किया गया तथा शीत से बचाव संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कन्याल द्वारा निर्देशित किया गया है कि शीत ऋतु के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो।

# वैश्य समाज की ताकत ही हमारा मुख्य उद्देश्यः राजेश अग्रवाल

### वैश्य कैलेंडर 2026 का विमोचन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 2026 के बहुरंगीय कैलेंडर का प्रकाशन जिला मुख्यालय गुना में किया गया। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में उनके निवास सांवरा हाउस फेस - 1 चौधरन कॉलोनी गुना पर ज़िला बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के कई पदाधिकारियों की उपस्थिति रही वैश्य महासम्मेलन जिला महामंत्री विकास जैन नखराली ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श कर संगठन विस्तार पर चर्चा की गई ।

जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज को संगठित कर वैश्य महासम्मेलन का विस्तार करते हुए गुना जिले की प्रत्येक तहसील में वैश्य समाज बधुओं के सुख दुःख की चिंता की जाएगी। सभी पदाधिकारियों को तहसील स्तर तक सदस्यता वृद्धि पर विशेष ज़ोर देने हेतु भी कहा गया जिससे संगठन को सशक्त बनाया जा सके और संगठन की ताकत ही हमारा मुख्य उद्देश्य है । तत्पश्चात सभी वैश्य घटक समाज अध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वैश्य कैलेण्डर 2026 का विमोचन कार्यक्रम संपन्न हुआ ।बैठक में उपस्थित जनों द्वारा कैलेंडर की प्रशंसा करते हुए पदाधिकारियो से इन्हें जल्द से जल्द सभी सदस्यों तक पहुचाने का आव्हान किया ।



ज़िलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि कैलेंडर का वितरण पदाधिकारियो का सदस्यों से सम्पर्क का प्रमुख माध्यम भी है।

इसलिए इस कार्य को प्रमुखता से करें। इस अवसर पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यशवंत अग्रवाल, ज़िला प्रभारी इंजी. डी.एन.नीखरा, जिला महामंत्री विकास जैन नख़राली, नगर अध्यक्ष जेनेन्द्र कुमार जैन, युवा इकाई संभागीय अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ज़िलाध्यक्ष नवल सोनी, महामंत्री मयंक विजयवर्गीय , अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल सचिव इंजी. अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल सराओगी समाज के अध्यक्ष राजू टोंग्या, विजयवर्गीय समाज के अध्यक्ष संजीव विजयवर्गीय सचिव प्रणय विजयवर्गीय के.एन. बंसल सहित बड़ी संख्या में वैश्यजन उपस्थित रहे। अंत में आभार जिला महामंत्री विकास जैन ने माना ।

## शहर बना सनातन चेतना का केंद्र

# विराट हिंदू सम्मेलन की भव्य तैयारियां चरम पर, हर बस्ती में लहराया भगवा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर में होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं। जैसे-जैसे आयोजन की घड़ी नजदीक आ रही है, शहर का माहौल पूरी तरह से धार्मिक, सांस्कृतिक और उत्साहपूर्ण रंग में रंगता जा रहा है। नगर की गलियाँ, चौराहे और बस्तियाँ भगवा ध्वजों से सुसज्जित हैं, भव्य स्वागत द्वार आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं और हर ओर सनातन संस्कृति की झलक दिखाई दे रही है।

#### युवाओं की अगुवाई समाज की सहभागिता

सम्मेलन की तैयारियों में युवाओं की सक्रिय भूमिका के साथ-साथ सम्मेलन समितियों और समाजजनों का समर्पित सहयोग देखने को मिल रहा है। प्रत्येक बस्ती में लोग पूरे जोश और अनुशासन के साथ आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं।समाजजनों का समर्पित सहयोग यह सामूहिक प्रयास नगर को एकता, समरसता और सांस्कृतिक गौरव के सूत्र में पिरोता दिखाई दे रहा है।

#### सामाजिक समरसता का संदेश जन

इन सभी स्थलों पर धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के माध्यम से सनातन संस्कृति, हिंदू एकता और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया है।नगर में उमंग, उल्लास और गौरव का वातावरणविराट हिंदू सम्मेलन को लेकर गुना नगर में अभूतपूर्व उत्साह और उमंग का माहौल है। हर बस्ती में तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं और नागरिकों में इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर विशेष उत्सुकता दिखाई दे रही है। निश्चित रूप से यह आयोजन गुना नगर के सांस्कृतिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ने जा रहा है।

#### आयोजन स्थलों का विवरण इस प्रकार

- श्री कृष्णा बस्ती – विंध्याचल पब्लिक हाई स्कूल
- गोपाल बस्ती – दुर्गा चौक, कैंट
- विवेकानंद बस्ती – हीरा बाग मैदान
- हनुमान बस्ती – मिडिल स्कूल, प्रगाढ़
- श्री दुर्गा बस्ती – डियो ऑफिस के पीछे, शहीद पार्क के पास, सिसोदिया कॉलोनी
- जय श्री महावीर बस्ती – कुंदन निवास
- शीतला बस्ती – कस्तूरबा कॉलेज मैदान
- सावित्री बस्ती – लव-कुश मंदिर
- बूढ़े बालाजी बस्ती – मां दुर्गा मैदान, टेकरी रोड
- अवंतिका बस्ती – कस्तूरी गार्डन
- जगन्नाथपुर बस्ती – नसिया जी का गार्डन
- गणेश बस्ती – शहनाई गार्डन
- संस्कृति, एकता और समरसता का संदेश।

# सेकंड ईयर की छात्रा ने फांसी लगाकर किया सुसाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के ईदगाह बाड़ी इलाके में रहने वाली एक 20 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। शनिवार दोपहर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

मृतका की पहचान जानकी उर्फ दामिनी कुशवाह के रूप में हुई है, जो पीजी कॉलेज में सेकेंड ईयर की छात्रा थी। परिजनों के अनुसार शुक्रवार रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चली गई थी। शनिवार सुबह काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिवार वाले छत पर गए और वहां से उसके कमरे में झांककर देखा, तो वह फंदे पर झूली हुई थी। उसने दुपट्टे से फंदा बनाकर सुसाइड कर लिया था। घबराए परिवार वाले ने कमरे का गेट तोड़कर अंदर घुसे। इसके बाद उसे फंदे से नीचे उतारा। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवती के भाई ने बताया कि उसने कुछ दिन पहले अपनी सहेली को बताया था कि एक लड़का उसे परेशान करता है।वह इसे मैसेज और कॉल भी करता है। परिवार वालों को उसके मोबाइल में लड़के के कॉल भी मिले थे। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार वालों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# कड़ाके की ठंड में मानवता का प्रहरी बनी गुना पुलिस

### बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने जरूरतमंद बच्चियों को भेंट किए गर्म वस्त्र

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में नागरिकों के सहयोगात्मक हर क्षेत्र, चाहे वह अपराध नियंत्रण हो, कानून व्यवस्था हो अथवा सामुदायिक पुलिसिंग सभी क्षेत्रों में निरंतर, सक्रिय, प्रभावी एवं मानवीय कार्रवाई की जा रही हैं । इसी क्रम में वर्तमान में पड़ रही कड़ाके की ठंड एवं शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए, ऐसे निर्धन, असहाय एवं बेसहारा लोग जो सड़कों पर अथवा खुले में रात्रि व्यतीत करने को विवश हैं अथवा जो गर्म कपड़े आदि खरीदने में सक्षम नहीं हैं, उनकी संभावित परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को ऐसे जरूरतमंद व्यक्तियों की हर संभव सहायता करने, आवश्यकतानुसार कंबल एवं गर्म वस्त्र भेंट किए जाने तथा अलाव की व्यवस्था कर उन्हें कड़ाके की ठंड से सुरक्षित रखने हेतु सहयोगात्मक आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं ।निर्देशों के पालन में आज बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा अपने पुलिस स्टाफ के साथ थाना परिसर के सामने से ठंड से कंपकपाते हुए पैदल गुजर रही ग्रामीण क्षेत्र की कुछ असहाय बच्चियों को रोका गया । उनसे आत्मीय एवं सहज संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझते हुए उन्हें सॉल एवं शॉक्स भेंट किए गए, जिससे बच्चियों को ठंड से राहत मिल सके । गुना पुलिस द्वारा किया जा रहा यह कार्य सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत एक सराहनीय, प्रेरणादायी एवं पूर्णतः मानवीय पहल है । कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के लिए गुना पुलिस द्वारा किए जा रहे इस सहयोगात्मक प्रयास की आम नागरिकों द्वारा प्रशंसा की जा रही है ।




# पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पर श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पुराना आरटीओ पर श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ प्रथम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो लक्ष्मीनारायण मंदिर से प्रारंभ होकर लक्ष्मीगंज शास्त्री पार्क होते हुए कथा स्थल पहुंची। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों के साथ निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।कथा के प्रथम दिवस पर प्रवक्ता श्रवण महाराज ने शिव महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शिव पुराण का श्रवण कलयुग में मनुष्य के मन को शुद्ध करता है तथा बड़े-बड़े पापों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने का साधन है।कथा व्यास प. श्रवण महाराज गुना के ब्राह्मण भूषण सनत महाराज के सुपुत्र है जिन्हें भजनानंदी महाराज के नाम से जाना जाता हैं । सनत महाराज कैलाश मानसरोवर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, सहित मां नर्मदा जी की गुना से पैदल परिक्रमा कर चुके हैं । आप केदारनाथ पर




केदारनाथ से ऊपर दुर्लभ पहाड़ी पर स्तिथ वस्तु तालाब से एक महीने निरंतर ब्रह्म कमल लाकर केदारनाथ पर समर्पित कर चुके हैं ।सनत महाराज 16 से 18 घंटे तक एक ही बैठक में सवा लाख रुद्राक्ष के मोतियों की बनी माला से दुर्गम स्थानों पर महिनों जप कर चुके हैं ।कथा का आयोजन पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है कथा दिनांक 3-1-2026 से प्रारंभ होकर 9-1-2026 तक दोपहर 1 वजे से 5 वजे तक चलेगी ।

## श्रीमद भागवत कथा के सातवें दिवस भावुक वातावरण में हुआ पूर्णाहुति प्रसंग

# श्रद्धालुओं को सुदामा-कृष्ण की अमर मित्रता ने भावविभोर किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

विद्यांचल कॉलोनी स्थित नवीन विद्या मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का सातवां एवं अंतिम दिवस श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं के सागर में डूबा रहा। कथा समापन अवसर पर संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा।अयोध्या धाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक पं. मनोहर शास्त्री ने श्रीकृष्ण–सुदामा की अमर मित्रता का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर पांडाल में उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।भावपूर्ण समापन के साथ पूर्ण हुई भागवत कथासप्तम दिवस की कथा में पं. मनोहर शास्त्री जी ने द्वारका लीला, सुदामा चरित्र, कलियुग के लक्षण एवं भक्ति के महत्व का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है, जो मनुष्य को अहंकार से विनम्रता और मोह से मोक्ष की ओर ले जाती है।

**सुदामा–कृष्ण संवादः** सच्ची मित्रता का आदर्शकथावाचक ने सुदामा प्रसंग सुनाते हुए बताया कि जब गरीब ब्राह्मण सुदामा अपने बालसखा श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे, तो उनके पास देने के लिए केवल चावल की एक पोटली थी। संकोचवश वे उसे छिपाने लगे, लेकिन श्रीकृष्ण ने स्वयं प्रेमपूर्वक उसे ग्रहण किया।संवाद शैली में उन्होंने कहा—“हे सुदामा! मित्र के घर खाली हाथ कौन आता है?”और प्रभु ने उस रूखे चावल को खाकर अपार आनंद की अनुभूति की।इस प्रसंग से यह संदेश मिला कि भगवान को वस्तु नहीं, केवल शुद्ध भाव चाहिए। सुदामा बिना कुछ मांगे लौटे, किंतु प्रभु ने उनकी झोपड़ी को वैभवशाली महल में बदल दिया। शास्त्री जी ने कहा— “जो भगवान पर विश्वास करता है, उसे मांगना नहीं पड़ता।”कलियुग में भक्ति ही कल्याण का मार्गकथा के दौरान पं. मनोहर शास्त्री जी ने कहा कि कलियुग में मनुष्य धन और कर्म के पीछे भाग रहा है, जबकि भागवत कहती है कि—नाम स्मरण, सत्संग और निष्काम भक्ति ही मोक्ष का सरल मार्ग है।उन्होंने श्रद्धालुओं से सत्य, सेवा, सदाचार और प्रेम को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।हवन, महाआरती एवं प्रसाद वितरणकथा के समापन पर विधिवत हवन, श्रीकृष्ण की भव्य महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण किया गया। पूरे परिसर में “नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की” के जयकारे गूंज उठे।श्रद्धालुओं की रही भारी उपस्थितिसातों दिन कथा स्थल पर गुना नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन से समाज में धार्मिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का सशक्त संदेश प्रसारित हुआ।विशिष्ट अतिथियों एवं संगठनों की गरिमामयी उपस्थितिकार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र सलूजा, राधेश्याम पारीक सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## समाचार संक्षेप

### श्रीमद भागवत कथा 7 से 13 जनवरी तक

**चाचौड़ा।** चंपावती धाम में वर्षभर धार्मिक आयोजन चलते रहने के कारण इसे 'मिनी वृंदावन' के नाम से जाना जाता है। इसी परंपरा से अंतर्गत नगर में 7 जनवरी से 13 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।कथा प्रतिदिन रामलीला मैदान में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक आयोजित होगी। इस पावन कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचक आनंद कृष्ण शास्त्री जी द्वारा किया जाएगा।कार्यक्रम का शुभारंभ 7 जनवरी को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें नगर के धर्मप्रेमी बंधु-बहन बड़ी संख्या में शामिल होंगे।कथा आयोजन की जिम्मेदारी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह, उनके पुत्र अजीत सिंह रिंकू एवं उनके परिवार द्वारा संभाली जा रही है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लें।

### चाचौड़ा थाने का किया घेराव, अपहरण के आरोपी को पकड़ने के लिए दिया पुलिस को दिया दो दिन का अल्टीमेटम



**चाचौड़ा।** चाचौड़ा थाने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मेम्पुर ग्राम की एक लड़की के अपहरण के मामले में शनिवार को परिवार जनों एवं समाज जनों ने चाचौड़ा थाना का किया घेराव। गांव वालों ने लगाई कार्रवाई न करने के आरोप। परिवार ने कहा कि जब हमने नाम दर्ज रिपोर्ट दर्ज की है तो पुलिस कार्रवाई क्यों नहीं कर रही। चाचौड़ा टी आई ने समझाते हुए कहा कि हम हमारी ओर से पूरी जांच कर रहे हैं और जो भी इसमें शामिल है उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा, एवं लड़की को भी कुशल परिवार जनों को सौंप दिया जाएगा। पूरा मामला चाचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम मेम्पुर गांव का बताया जा रहा है यहां कुछ दिन पहले एक लड़की के लापता होने की शिकायत उसके परिवार जनों ने चाचौड़ा थाने में की थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई न करने एवं लड़की की किसी प्रकार की जानकारी न मिलने पर परिवार के सदस्यों एवं समाज के लोगों के द्वारा चाचौड़ा थाना के घेराव कर सख्त कार्रवाई करने की मांग प्रशासन से की ,एवं समाज के लोगों ने पुलिस की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाए जिस पर चाचौड़ा टी आई ने उन्हें समझाया कि किसी भी कार्य को करने के लिए एक प्रक्रिया होती है और हम इस प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रहे हैं और जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद सभी लोगों ने प्रशासन को दो दिन में आरोपी को गिरफ्तार करने एवं लड़की को सकुशल वापस लाने का समय दिया है और यह भी कहा है कि अगर 2 दिन में गिरफ्तारी नहीं हुई तो हम जन आंदोलन करेंगे एवं चक्का जाम भी करेंगे।

### रोटरी भवन गुना में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**गुना।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में रोटरी सदस्य सुरेश रघुवंशी की माता स्मृतिशेष रामेश्वरी देवी रघुवंशी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया निशुल्क नेत्र शिविर 4 जनवरी रविवार को रोटरी भवन गुना में गायत्री मंदिर के पास सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु शिविर लगाया जा रहा हे।

## राष्ट्र वर्धन कान्वेंट स्कूल में हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से छात्रों ने सभी को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़







विद्यालय राष्ट्र वर्धन कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल राघौगढ़ में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया आज के इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद संस्था के प्राचार्य योगेश भारद्वाज ने अपने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय वर्ष 1998 संचालित है जिसमें कई छात्र/ छात्राएं विद्यालय से अध्ययन करके शासकीय सेवा एवं अन्य प्राइवेट क्षेत्र में सर्विस कर रहे हैं, तथा कई पूर्व छात्र अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को संचालित कर रहे हैं। विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में राघौगढ़ नगर के साथ साथ आसपास के क्षेत्र के लिए विद्यालय एक विश्वसनीय शिक्षा का केंद्र बना हुआ है, वर्ष 2025 में विद्यालय की छात्रा ने हाई स्कूल (कक्षा 10 ) में जिला स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय द्वारा पूर्व घोषणा के अनुसार छात्रा कुमारी सेजल पटवा को संस्था के प्राचार्य योगेश भारद्वाज द्वारा अतिथियों की उपस्थिति में संस्था की ओर से टेबलेट प्रदान किया। इस अवसर पर छात्र के माता-पिता उपस्थित रहे। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें गायन, नृत्य, नाटक, और अन्य सामाजिक संदेश प्रदान करने वाले कार्यक्रमों का मंचन किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि महेश शर्मा ,पंकज दीक्षित,अनिल कुमार सोनी , कुलदीप भारद्वाज, भूपेश भारद्वाज ,निशा दीक्षित, मंजू साहू, नीलम वास्त्री की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य अतिथि महेश कुमार शर्मा ने कहा कि यह वार्षिकोत्सव कार्यक्रम छात्र/छात्रों के लिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए अच्छा अवसर है, छात्रों का ध्यान पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों पर भी होना चाहिए। कार्यक्रम में पधारे हुऐ अन्य अतिथियों ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं की प्रस्तुतियों ने हम सबको बहुत प्रभावित किया है। कार्यक्रम का संचालन कुमारी आजरा खान ओर शिवानी सैनी के द्वारा किया गया इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड परिसर में लाल बहादुर प्रतीक्षालय के पीछे सीसी रोड निर्माण की उठी मांग

### दुकानदारों ने नगर परिषद से की अपील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नगर के बस स्टैंड परिसर में चल रहे सुंदरीकरण एवं सड़क निर्माण कार्य के बीच अब लाल बहादुर प्रतीक्षालय के पीछे स्थित कॉम्प्लेक्स में सड़क निर्माण को लेकर दुकानदारों ने अपनी मांग रखी है। दुकानदारों का कहना है कि यहां सड़क निर्माण के लिए पेवर्स रोड के बजाय सीसी रोड बनाई जाए, ताकि लंबे समय तक सड़क टिकाऊ बनी रहे।गौरतलब है कि आरोन बस स्टैंड में सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सड़क निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। हाल ही में बस स्टैंड के अंदर की मुख्य सड़क का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। अगले चरण में लाल बहादुर प्रतीक्षालय के पीछे स्थित परिसर में सड़क निर्माण प्रस्तावित है।कॉम्प्लेक्स में व्यापार कर रहे दुकानदारों का कहना है कि पूर्व में यहां पेवर्स रोड डाली गई थी, जो अधिक आवागमन और दुकानदारों की दैनिक गतिविधियों के चलते जल्द ही टूट-फूट का शिकार हो जाती है। इससे सड़क खराब होने के साथ-साथ व्यापारियों और आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।दुकानदारों ने नगर परिषद से मांग की है कि पेवर्स रोड के स्थान पर सीसी रोड का निर्माण कराया जाए, जिससे सड़क मजबूत और टिकाऊ बने तथा बार-बार मरम्मत की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने उम्मीद जताई है कि नगर परिषद उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए स्थायी समाधान होगा।

## रोटरी मेडिकल मिशन के तहत पनवाड़ी हाट में लगा स्वास्थ शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरोन

नर सेवा ही नारायण सेवा भाव को चरितार्थ करते हुए मध्यप्रदेश शासन एवं माधव राव सिंधिया स्वास्थ सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब गुना एवं रोटरी क्लब गुना रॉयल के सयुक्त तत्वावधान में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी हाट में स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का



विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली एवं संजय मंगल सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम के साथ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर जिला चिकित्सालय गुना के डॉक्टर डॉ अभिषेक गोयल, डॉ वीरेंद्र धाकड़, डॉ पूजा धाकड़, डॉ आर एस राजपूत, डॉ आदित्य, डॉ नितिन धाकड़ सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा 100 से अधिक रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया एवं गंभीर मरीजों चिन्हित कर ऑपरेशन सिलेक्शन के लिए जिला अस्पताल गुना रेफर किया। रोटरी अध्यक्ष सीए अग्रवाल ने बताया कि अगला कैम्प 6 जनवरी 2026 को चाचौड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया जाएगा।

## एकल खेल प्रतियोगिताओं से हर गांव-गांव से निकलेंगी खेल प्रतिभाएं : विकास जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना




एकल अभियान मध्य भारत सम्भाग अंचल गुना की मासिक समीक्षा बैठक एकल कार्यालय सोनी कालोनी गुना पर आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ एकल पी 7 जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन नखराली एवं अंचल अध्यक्ष मनीष भार्गव ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ आरंभ कराई।

बैठक में कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए जागरण शिक्षा प्रभारी विकास जैन ने कहा कि आगामी दिनों में प्रत्येक ग्राम विद्यालय पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा हे जिसमें सभी संच प्रमुख ओर एकल आचार्य अपनी महती भूमिका निभाते हुए ज्यादा से ज्यादा बच्चों को खेल प्रतियोगिता कराकर जिला स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगितायों के लिए भेजे। इन एकल खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से गांव गांव से ग्रामीण बच्चों की खेल प्रतिभा निकलेगी और यह बच्चे प्रदेश ओर राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर अपने गांव ओर जिले का नाम रोशन करेंगे।

अंचल अध्यक्ष श्री भार्गव ने गत माह के कार्यक्रमों की समीक्षा की साथ ही एकल द्वारा विद्यालय ग्रामों पर होने वाले आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर अंचल अभियान प्रमुख अर्जुन सिंह, अंचल गतिविधि प्रमुख पप्पू नायक, अंचल व्यास सोनू, अंचल प्रशिक्षण प्रमुख प्रद्युमन मीणा एवं समस्त संच के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कृषि वैज्ञानिक व कृषि अधिकारियों ने खेतों में फसलों का किया निरीक्षण



**अशोकनगर।** मुंगावली विकासखंड के ग्राम चिरोली एवं ग्राम सेहराई के कुछ कृषकों के द्वारा गेहूं एवं मसूर में पीलेपन की समस्या के बारे में अवगत कराया गया था। शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र अशोकनगर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बी.एस गुप्ता, वैज्ञानिक डॉ के.के यादव कृषि विभाग के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक डॉ बैजनाथ सिंह यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रदीप कुमार गर्ग, कृषि विस्तार अधिकारी वंदना अलावे एवं राजेंद्र भूरिया के साथ डायग्नोस्टिक टीम ने उक्त ग्रामों का भ्रमण कर कृषकों से संपर्क किया एवं उनके खेतों पर जाकर फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान पाया गया कि गेहूं में कुछ जगहों पर जड़ माहू देखने को मिला। कुछ जगहों पर पोषक तत्व की कमी के वजह से फसलों की बढ़वार रुकी हुई है और पीलापन है। मसूर की फसल में कॉलर रॉट एवं फ्यूजेरियम विल्ट, जड़ सड़न जैसे रोग देखने को मिले ।मसूर में रोगों को रोकने के लिए आवश्यक फफूद नाशक की सलाह दी। जिसमें थिओफिनेट मिथाइल 3 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी में डालकर स्प्रे करने की करने की सलाह दी। गेहूं मे थियोमेथैक्सोम और लेम्बडासाइहेलोथ्रियन का कॉन्बिनेशन ढाई सौ एमएल प्रति हेक्टेयर छिड़काव की सलाह दी। जड़ माहू में थायोमेथॉक्सम 250 ग्राम प्रति हेक्टर के हिसाब से स्प्रे करने की सलाह दी। साथ ही जिन खेतों में पोषक तत्व प्रबंधन की समस्या देखी। वहां पर सूक्ष्म पोषक तत्वों को यूरिया के साथ सिंचाई के साथ देने की सलाह दी गई। टीम के द्वारा करीब 5 - 6 कृषकों के खेतों का भ्रमण किया गया। जिसमें शैलेंद्र चैहान, अभय सिंघई, कोमल कुशवाहा, शिशुपाल सिंह यादव एवं धनवाई के खेत का भ्रमण भी वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियो की टीम के द्वारा किया गया।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज।

*अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कातवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अम्बेडकर मोहल्ला निवासी पूजा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन,दीपक, गोलू, उमेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जितेन्द्र अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विशाल अहिरवार, शिशुपाल और भूरा वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लखेरी बसारती निवासी सुल्तान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सोनू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुल्तान अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम देवखेडी निवासी गुडडी बाई धाकड़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छोटी भोपाल निवासी बलबान सिंह राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी महेन्द्र राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम लप्तौरा निवासी मंशाराम अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सेहराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कर्रा डोंगरा निवासी तिलकसिंह आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कृष्णपाल, रामकिशोर और ज्योतिराव आदिवासी ने उससे कुल्हाडी से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।*

## ओलंपिक में दूसरे दिन दिखाए वूशु, क्रिकेट व शतरंज में हुनर

**मुंगावली।** ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में वूशु और शतरंज एवं क्रिकेट खेल में अपना हुनर दिखाए। शनिवार को 19 वर्ष बालक शतरंज प्रतियोगिता में टीएव्ही स्कूल के होनहार छात्र शौर्य यादव प्रथम स्थान पर रहे। वही खिलाड़ियों ने वूशु खेल में अपने दांव पेंच से सभी खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाया।

क्रिकेट में मुकाबला सरस्वती स्कूल और बालक हायर सेकेंडरी के मध्य खेला गया जिसमें बालक हायर सेकेंडरी स्कूल की टीम शानदार खेलते हुई जीत दर्ज की एवं सेमीफाइनल जगह बनाई। वही पहला सेमीफाइनल मैच केंद्रीय विद्यालय और मॉडल स्कूल के मध्य खेला गया जिसमें मॉडल स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन



करते हुए केंद्रीय विद्यालय को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वही 100 मीटर दौड़ गोला फेक, लॉन्ग जंप, जैसी कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रविवार को कबड्डी, रस्सा खेच, वॉलीबॉल खेलों का आयोजन मुंगावली खेल स्टेडियम मैदान पर किया जाएगा। अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष नीतू ग्वाल, नरेश ग्वाल, जाकिर खान जलील जमीदार, अंसार खान खेल प्रशिक्षक जावेद खान लोकेंद्र शर्मा, आनंदी यादव, विनोद पाल ऋषि तिवारी थे।

## वन विभाग ने रक्तदान शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

वनमण्डलाधिकारी अशोकनगर प्रतिभा अहिरवार के निर्देशानुसार वनमण्डल अशोकनगर की वन परिक्षेत्र अशोकनगर एवं चन्देरी में रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोकनगर के सहयोग से सम्पन्न कराया गया। अशोकनगर में वनमण्डल कार्यालय प्रांगण में स्थित एडूसेट सेन्टर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वन अमले द्वारा हिस्सा लेकर रक्तदान किया गया।



शिविर में 09 यूनिट रक्तदान किया गया। इसी प्रकार वन परिक्षेत्र चन्देरी में वन अमले द्वारा रक्तदान किया गया। शिविर में 05 यूनिट रक्तदान किया गया। इसी प्रकार कुल 14 यूनिट रक्तदान वन अमले द्वारा किया गया। रक्तदान मानव जीवन का मुख्य घटक है। जिसमें वन अमले द्वारा स्वेच्छापूर्वक रक्तदान किया गया। उपवनमण्डल अधिकारी एस.पी. शाक्य, वन परिक्षेत्राधिकारी रीतिका यादव एवं आकाश साहू, चिकित्सा विभाग एवं वन अमले से सहयोग प्राप्त हुआ।

## नवांकुर ने देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़

नगर परिषद अंबेडकर भवन ईसागढ़ में देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार समिति शंकरपुर द्वारा आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि बी एमओ डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्व प्रथम मां सावित्री बाई फुले की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।




उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी ने बताया कि सावित्रीबाई फुले समानता न्याय और करुणा के सिद्धांतों के प्रति समर्पित थी और उनका मानना था कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त साधन है। वही नवांकुर संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन ने बताया कि मां सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नाय गांव में हुआ था और 10 वर्ष की उम्र में उनकी शादी ज्योतिराव फुले से हुई वह देश की पहली महिला शिक्षक थी जिन्होंने अपने पति ज्योति राव फुले के साथ मिलकर लड़कियों और दलितों के लिए शिक्षा के द्वारा खोलें भारत का पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया और बाल विवाह सती प्रथा व विधवा शरणासन जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ कार्य किया जिससे मैं भारत में महिला सशक्तिकरण की प्रतीक बनी। बीसीएम घनश्याम सेन सहित पियर एजुकेटर साथिया के छात्र छात्राएं आशा कार्यकर्ता आशा सुपरवाइजर आदि मौजूद रहे।

### मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में किया जाएगा आयोजन

## रोटरी क्लब का स्वास्थ्य शिविर 17 से 24 मार्च तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मरीजों की सेवा के लिए पूर्ण मनोयोग के साथ सामाजिक संस्थाएं आगे आएं। विभिन्न बीमारियों से ग्रसित जिले के चिन्हित मरीजों को उचित इलाज की सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु रोटरी क्लब के तत्वावधान में मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में 17 से 24 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले वृहद स्वास्थ्य शिविर में पहुंचाया जा सके।

इस आशय के विचार कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन की सामाजिक संस्थाओं के साथ आयोजित बैठक में व्यक्त किए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य में जिले की सभी सामाजिक संस्थाएं एवं संगठन हमेशा तत्परता के साथ आगे आकर सहयोग करती हैं। इस पुनीत कार्य में भी सभी का सहयोग रहेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय मंत्री की मंशानुरूप




स्वास्थ्य शिविर को सार्थक बनाएंगे। जिले में मरीजों का चिन्हांकन जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्क्रीनिंग केम्पों का आयोजन कर किया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा निर्धारित फार्मेट में पंजियों का संधारण किया जाएगा। साथ ही जिला मेडीकल कॉलेज शिवपुरी में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य शिविर में जिले से अधिक से अधिक मरीजों की भागीदारी सुनिश्चित कराई जाएगी। मेगा स्वास्थ्य शिविर के प्रसार प्रसार हेतु जिला पंचायत के माध्यम से ग्राम पंचायतों में बैनर, पोस्टर लगवाए जाएंगे ।

इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा जनता के प्रति सेवा भावना की पहल को सार्थक करने हेतु मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजित जिला शिवपुरी में 17 मार्च से कराया जाएगा। पीडित मानवता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। इस मेगा शिविर में मरीजों के इलाज की सारी सुविधाएं रहेंगी। इस पुण्य कार्य में हम सभी आगे आकर गरीब, असहाय लोगों की मदद करेंगे। जिले से मरीजों को भेजने की पूरी व्यवस्था कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि केंसर, किडनी, लीवर जैसी घातक बीमारियों से पीड़ति मरीजों का आगे भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मेगा स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन हेतु पूर्ण मनोयोग के साथ सहयोग करने हेतु आश्वस्त किया। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने कहा कि मानव सेवा ही नारायण की सेवा है। यह एक सेवा का अच्छा अवसर है। जिसके माध्यम से हम मरीजों की सेवा कर सकते है। आभार प्रदर्शन कोषाध्यक्ष उदय चतुर्वेदी द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अलका त्रिवेदी, जन प्रनिनिधिगण,सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### पिपरई थाने में मजदूरी न मिलने का मामला सामने आया

**पिपरई।** तमाशा के ग्रामीणों को जयपुर मजदूरी के लिए ले जाया गया लेकिन उन्हें मजदूरी नहीं दी गई इस आशय की शिकायत लेकर ग्रामीण पिपरई थाना मुख्यालय पर पहुंचे और मजदूरी दिलाए जाने की मांग की। ग्राम तमाशा निवासी मजदूर वर्ग के युवक बुंदेल सिंह पुत्र किशनलाल, राजेश पुत्र गणेशाराम, विशाल पुत्र बालकिशन, जीवनलाल पुत्र कंगाली, नेपाल पुत्र गंगाराम रजक, परमाल पुत्र भागीरथ शामिल हैं। उन्होंने अपने आवेदन में बताया कि हम जयपुर काम करने गए थे तो हमारे लिए नीरज प्रजापति निवासी ढेकन देवराज सिंह आवरी के साथ मजदूरी करने हमें जयपुर ले गए जहां एक माह के लिए उनके साथ काम किया लेकिन उन्होंने हमें मजदूरी के पैसे नहीं दिए। यह समस्या हमने पिपरई थाना प्रभारी ओ पी मिश्रा को बताई है। जिस पर थाना प्रभारी द्वारा तुरंत फोन लगाकर उनसे पैसे डलवाने की बात कही गई जिससे मजदूरों में हर्ष है।

### हिंदू सम्मेलन को लेकर अहम बैठक का आयोजन हुआ



**पिपरई।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 केशोपुर में हनुमान मंदिर पर हिंदू सम्मेलन को लेकर अहम्-बैठक की गई जिसमें सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर टोलिया बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 16 जनवरी को भव्य कलश यात्रा एवं 18 जनवरी को विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं जो टोलियों का गठन किया गया है उनको अपनी अपनी जिम्मेदारी दी गई और कहा गया कि वह अपनी पूर्ण ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करें बैठक में समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### राजपुर के हिंदु सम्मेलन में शामिल हुए कार्यकर्ता

**राजपुर।** शनिवार को मंडल राजपुर के द्वारा सकल हिंदू समाज का सम्मेलन में मंडल की समस्त ग्रामीण क्षेत्र से सभी श्रद्धालु और कार्यकर्ता एवं समाजजन उपस्थित हुए। सुबह 10:00 बजे से रामलीला मंच हनुमान मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होकर राजपुर के मुख्य मार्गो से होते हुए श्री कृष्ण विद्या मंदिर स्कूल सभा स्थल पर पहुंची। सभा स्थल पर मुख्य अतिथि के रूप में संत श्री श्री 1008 श्री राम कल्याण दास महंत सेनारी धाम तथा संत श्री श्री 1008 राम निवास दास सिद्ध धाम तिघरी मुख्य प्रवक्ता अबदेश तिवारी प्रांतीय संयोजक बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के रूप में फूलबाई अहिवार मंच पर उपस्थिति रही।

## जिले में संचालित 108 वाहनों में मरीज राम भरोसे, अधिकारी बने बेखबर


# एंबुलेंस सुविधाविहीन, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में संचालित 108 एम्बुलैंस वाहन कितने सुविधाओं से परिपूर्ण हैं जब इसका जायजा यहां चलने वाले इन वाहनों को जाकर देखा गया तो कईं वाहनों में आपातकालीन सुविधाएं नहीं थी। जब कि इन वाहनों में ऐसी इमरजेंसी सुविधाएं प्राथमिकता से होना चाहिएं ताकि मरीज अस्पताल तक आसानी से पहुंच सके और उसे स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। लेकिन जिले में इन वाहनों की स्थिति ऐसी है कि न तो उसमें आवश्यक उपकरण है और न हीं सुविधाओं के पुख्ता इंतजाम।

पहले 108 वाहन में न मेडीकल किट थी और न ही ऑक्सीजन सिलेण्डर पर मास्क शनिवार को जब जिला अस्पताल में 108 एम्बुलैंस वाहनों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया गया तब वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 1388 में दो पंखों में से एक पंखे में एक पंखुडी नहीं थी जब पायलट से जानकारी ली गई और वाहन में उपलब्ध सुविधाओं को जाना गया तो इस वाहन में न तो बीपी चैक करने की मशीन थी और न ही मेडिकल किट में भी दवाइयां उपलब्ध नहीं थी। ऑक्सीजन सिलेंडर पर मास्क भी नहीं मिला। दूसरे 108 वाहन में 2022 का एक्सपायर इंजेक्शन मिला सीजी 04 एनडब्ल्यू 8744 में ऑक्सीजन मास्क में धूल युक्त मिला। किट में 2022 का एक्सपायरी इंजेक्शन की शीशी मिली। किट में उंगली बांधने लायक भी पट्टी नहीं मिली, फायर सेफ्टी उपकरण की जगह एक खाली डिब्बा रखा मिला।



तीसरे 108 वाहन में बीपी चैक करने की न तो मशीन थ और न लाईट सिटी कोतवाली अशोकनगर के पास खडे वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेट 1205 खडे 108 वाहन में बीपी नापने की मशीन तो मिली परंतु इस मशीन में सेल नहीं होने के कारण उसका उपयोग नहीं हो रहा था। दवाइयां थी पर वाहन में लाइट नहीं जल रही थी। 108 एम्बुलेंस सीजी 04 एनजेड 1205 की पड़ताल की जिसमें ऑक्सीजन मशीन में मास्क की ट्यूब ही नहीं लगी हुई थी। चैथे 108 वाहन में 2023 की एक्सपायरी क्रीम मिली इसी प्रकार जिला अस्पताल परिसर में खडे 108 वाहन क्रमांक सीजी 04 एनजेड 6078 में बीपी मशीन उपलब्ध नहीं थीं। मेडिकल किट में दवाएं उपलब्ध नहीं थीं, और यहां भी आवश्यक उपकरण जरूरत के हिसाब के नही थे। सीजी 04 एनजेड 6078 की फस्र्ट एड बॉक्स की किट में दिसंबर 2023 की एक्सपायरी की नियोसिन क्रीम मिली।

### जिले में दो प्रकार के 108 वाहन संचालित

जिले में 108 वाहन दो प्रकार के संचालित हो रहे हैं एक तो वह वाहन हैं जिनमें प्रसूतिकाओं को लाया ले जाया जाता है और दूसरे 108 वाहन वह हैं जिसमें घायलों अथवा गंभीर रोगियों को उपचार के लिए अशोकनगर से भोपाल रैफर किया जाता है। शासन ने इन वाहनों को इसलिए संचालित किया है ताकि इनका बेहतर संचालन के साथ पर्याप्त सुविधाओं का लाभ मरीजों को मिल सके। इन वाहनों में प्राथमिकता से स्ट्रेक्चर, ऑक्सीजन सिलेण्डर, प्राथमिक उपचार किट, और जीपीएस जैसी जीवनरक्षक सुविधाएं होना चाहिए साथ में बीपी नापने के उपकरण, वेंटीलेटर की सुविधा और एडवांस लाईफ सपोर्ट सिस्टम होना चाहिए। साथ में प्रशिक्षित कर्मचारी होना आवश्यक हैं जीपीएस ट्रेकिंग सिस्टम के माध्यम से इन वाहनों की लोकेशन ट्रेस की जा सके। पूरी तरह मरीजों के लिए सुविधायुक्त होती है।

### वाहनों की कमी और सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं

अशोकनगर जिले में जो एम्बुलैंस 108 वाहन चल रहे हैं उनकी संख्या न के बराबर है। कईं घण्टे 108 वाहन के इंतजार में लग जाते हैं। इन वाहनों की स्थिति यह है कि यदि मरीज को भोपाल ले जाना हो तो आने जाने में 10 घण्टे लग जाते हैं। कईं बार स्थिति ऐसी होती है कि एक साथ कईं एम्बुलैंस वाहन भोपाल चले जाते हैं ऐसे में मरीजों को बाहर ले जाने के लिए परिजन परेशान होते रहते हैं। यह बात जिले के स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को भी मालुम है लेकिन समस्या का कोई निराकरण आज तक नहीं हुआ है। मरीज न तो भोपाल जा पा रहे हैं न ही स्थानीय स्तर पर इलाज करा पा रहे हैं। यहां के जिला अस्पताल के डॉक्टर जरा से मरीज गंभीर दिखा या फिर व्हीआईपी परिवार से संबंधित हुआ तो इन मरीजों को सीधे भोपाल रैफर कर देते हैं जबकि इस तरह के मरीजों का उपचार जब जिला अस्पताल है डॉक्टर हैं ऑपरेशन थियेटर हैं, दवाईयां हैं तब क्यों नहीं किया जाता। इस पर भी ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

### जांच कराई जाएगी...

जिले में जितने भी 108 वाहन चल रहे हैं उनकी संख्या जिले के अनुसार नहीं है। वाहन भी कम है जिसके कारण मरीजों को परेशान होना पड़ता हे इन वाहनों की जांच के लिए शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। मेरे द्वारा कईं बार 108 वाहन संचालकों को कहा गया है कि अगर वाहनों में कोई कमी है तो वह लिखकर दें लेकिन किसी के पास से यह जानकारी नहीं आई। हमारे द्वारा इन सब 108 वाहनों की जांच कराई जाएगी और कार्यवाही की जाएगी।

**डॉ. अल्का त्रिवेदी** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

## 2024 से 2025 में कम अपराध

# बालिका दस्तायब में अशोकनगर जिला प्रदेश में पहले स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुलिस का साल 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक संचालित होता है वर्ष 2024 में 31 दिसंबर तक जो अपराध हुए उनकी तुलना वर्ष 2025 1 जनवरी से 31 दिसम्बर तक घटित अपराधों से की गई। जिसमें कईं मामलों में अशोकनगर जिले में बड़े मामले कम हुए,यातायात पुलिस की बड़ी उपलब्धि रही जहां सर्वाधिक समनशुल्क वसूला गया। बालिकाओं को दस्तयाब किए जाने के मामले में अशोकनगर जिला मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा।

**चोरी,लूट और डकैती की घटनाओं में कमी आई**

जिले में वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में भादवि/बीएनएस के कुल अपराधों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में बलवा, लूट एवं वाहन चोरी की घटनाओं में कमी आई है। वर्ष 2025 में हुई डकैती की 02 घटनाओं में एवं लूट की 03 घटनाओं का खुलासा करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया मशरूका बरामद किया गया है। महिला संबंधी अपराधों में वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में दहेज हत्या, दहेज प्रताड़ना एवं छेड़छाड़ के अपराधों में कमी आई है। अनुसूचित जाति/जनजाति पर घटित अपराधों में वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में आंशिक वृद्धि परिलक्षित हुई है।

वर्ष 2024 की तुलना में वर्ष 2025 में हत्या का प्रयास, बलात्कार के अपराधों में कमी आई है। संपत्ति संबंधी अपराधों में वर्ष 2025 में चोरी/लूट गई संपत्ति की बरामदगी की गई। 2025 में डकैती के दो प्रकरण लूट के 7, चोरी के 43, नकबजनी के 54 प्रकरण, वाहन चोरी के 56, पशु चोरी के 3 प्रकरण दर्ज हुए। इस तरह कुल 165 प्रकरण दर्ज किए गए जिनमे 61 प्रतिशत राशि वसूल की गई।




### वर्ष 2025 में गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी

वर्ष 2025 में गुम कुल 155 बालक बालिकाओं को दस्तयाव किया गया है। वर्ष 2025 की गुम समस्त 114 बालिकाओं को दस्तयाव किया गया है। दिनांक 01.11.2025 से 30.11.2025 तक चले विशेष मुस्कान में गुम 100 प्रतिशत बालिकाओं को दस्तयाव किया गया है। मुस्कान अभियान के बालिकाओं की दस्तयावी में प्रदेश में जिले का प्रथम स्थान रहा है।

वर्ष 2025 में एक्सीडेंट दुर्घटनाओं एवं यातायात संबंधी कार्यवाही

जिले में वर्ष 2025 में 440 एक्सीडेंट की घटनाएं हुई जिनमें 143 व्यक्तियों की मृत्यु हुई एवं 447 व्यक्ति घायल हुये। वाहनों में कमी एवं ड्रायवरों पर हलमेट एवं लायसेंस नहीं पाये जाने पर से कुल 15771 चालान किये गये जिनमें कुल 6636350/-रूपये।

वर्ष 2025 में खोजे गये मोबाइलः

वर्ष में गुम हुये कुल 354 मोबाइल कीमती लगभग 3540000/-रू० (पैतीस लाख चालीस हजार रूपये) के सर्च कराकर संबंधित मोबाइल धारकों को लौटाये गये।

पुलिस महानिदेशक द्वारा प्रदेश स्तर पर जिले की कार्यवाही को लेकर प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया

दिनांक 26.11.2025 से 10.12.2025 तक पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघनकर्ता चालकों के विरूद्ध विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान थाना यातायात द्वारा 1176 चालान कता कर कुल 3,93,900 रूपये एवं जिले के समस्त थानों द्वारा 1874 चालान कर कुल 6,20,000 रूपये अभियान में अशोकनगर द्वारा कार्यवाही करते हुये कुल 3050 चालान कता कर 10,13,900 रूपये शमन शुल्क बसूल किया गया।

### 2024 की तुलना में 2025 में मायनर एक्ट

आर्म्स एक्ट के 2024 में 52 प्रकरण थे इस बार 22 प्रकरण दर्ज हुए, आवकारी एक्ट के 2024 में 1564 प्रकरण थे इस बार 1543 प्रकरण दर्ज हुए। जुआ एवं सटटा के 2024 में मामले 2081 थे इस बार 2025 में 296 मामले दर्ज हुए। 2024 में विस्फोटक अधिनियम के 22 मामले थे इस बार 16 मामले दर्ज हुए। नारकोटिक्स में 2024 में 33 प्रकरण दर्ज हुए थे इस बार 26 प्रकरण दर्ज हुए।

## 'जिस पर जितने ज्यादा संकट वह उतना पावरफुल होगा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिस पर जितने ज्यादा संकट आयेंगे वह उतना पावरफुल होता चला जाता है संकट में व्यक्ति का पावर बढ़ जाता है संकट के समय दोस्तो की परीक्षा होती है दोस्ती वनी रहें चाहें सांस बहूं के बीच की हो चाहे चाचा भतीजे की हो भाई भाई की चाहे दो मुनि महाराज के बीच की हो दो मुनि राज भी अपने संयम की यात्रा को धर्म ध्यान पूर्वक आगे ले जा सकते हैं सच्ची दोस्ती तो वह है जो संकट में काम आये संकट के समय में जो अपने मित्र का साथ दे वही सच्चा मित्र हैं अक्सर देखने में आता है कि जव किसी पर संकट आता है तो घर परिवार के लोग तक साथ छोड़ देते हैं लेकिन सच्चा मित्र अपने मित्र को संकट में नहीं देख सकता और वह संकट से निकाल लेता है उक्त आश्य केउद्गार जिला मुख्यालय से सौ किलोमीटर दूर जंगल में स्थित तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट खनियाधाना में धर्मसभा में व्यक्त किए।

### कलशों की बुकिंग हो जाएगी प्रारंभ

मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि एक हजार साल भी अधिक प्राचीन जंगल में अवस्थित अतिशय क्षेत्र तीर्थोदय तीर्थ गोला कोट में विराजमान परमपूज्य राष्ट्र संत मुनिपुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में 20जनवरी से 26जनवरी तक होने वाले श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ के पात्रों का चयन कल रविवार को गोला कोट तीर्थ में विशाल धर्मसभा में होगा इस दौरान सौ धर्म इन्द्र भगवान के माता पिता धन कुबेर इन्द्र इंसान इन्द्र सनत इन्द्र महा याज्ञ नायक सहित अन्य प्रमुख पात्रो का चयन किया जाएगा इसके साथ ही जन्म कल्याणक के कलशों की बुकिंग प्रारंभ हो जायेगी। मुनिश्री ने कहा कि आज हमारे महावीर स्वामी हम सब के बीच नहीं है उनकी आज्ञा ही हमें प्रत्यक्ष निर्देश के समान है आज हमारे सामने गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज नहीं है लेकिन उनकी आज्ञा ही हमारे लिए सब कुछ है उन्होंने जो सीख दी है जो शिक्षाऐ दी है उनका पालन के साथ धर्म की प्रभावना अपनी शक्ति अनुसार करते रहना सच्चा भक्त और सच्चा शिष्य कौन सा है।

### जुए के अडडों पर की गई छापामार कार्रवाई

**अशोकनगर।** जिले के कईं थानों की पुलिस ने जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। चन्देरी पुलिस ने विक्रमपुर में पुराने स्कूल के सामने ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए शीलचंद अहिरवार, प्रेमनारायण शर्मा, करण आदिवासी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 4400 रूपए और ताश की गडडी बरामद की गई है। जिले के शाढौरा थाने के पुलिस ने मढी कानूनगो में नाले के पास ताश के पत्तों से जुआ खेलते हुए संतोष लोधी, लखन कुशवाह और धर्मेन्द्र अहिरवार को गिरफ्तार किया है जिनके पास से 1630 रूपए के साथ ताश की गडडी बरामद की गई है।

## जीवन में विश्राम केवल नींद से नहीं प्रभु चरणों में विश्वास से मिलता है





**शाढ़ौरा।** रामकथा के सातवे दिन कथा व्यास अष्टावक्रजी महाराज ने अपनी ओजस्वी वाणी से श्रद्धालुओं को भक्ति और विश्वास के मर्म को समझाते हुए कहा कि जीवन में विश्राम केवल नींद से नहीं मिलता, बल्कि प्रभु के चरणों में विश्वास से मिलता है। जिसके पास राम का नाम है और हृदय में अटूट विश्वास है, उसके जीवन के सारे अमंगल स्वतः ही समाप्त हो जाते हैं।

बिनु बिस्वास भगति नहिं तेहि बिनु द्रवहिं न रामु की व्याख्या करते हुए कहा कि जब तक भक्त के मन में पूर्ण विश्वास नहीं जागता, तब तक भक्ति अंकुरित नहीं होती। जब तक भक्ति नहीं होती, तब तक करुणासागर भगवान राम द्रवीभूत नहीं होते। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में भटकन और मानसिक अशांति तभी दूर होती है जब व्यक्ति स्वयं को पूरी तरह प्रभु के चरणों में समर्पित कर देता है। राम राज्य का आदर्श महाराज जी ने राम राज्य के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि प्रभुराम ने समाज के हर वर्ग को साथ लेकर एक आदर्श शासन की स्थापना की। उन्होंने उत्तरकांड के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राम कथा केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। कथा के सातवें दिन महाराज ने विश्वास को केंद्र में रखते हुए भक्तों की शंकाओं का समाधान किया।

### मनुष्य मंदिर जाए मन में संशय रहे

अष्टावक्र महाराज ने व्यास पीठ से कहा कि आज का मनुष्य मंदिर तो जाता है, लेकिन उसके मन में संशय बना रहता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए समझाया कि जैसे भूमि के भीतर पानी तो है, लेकिन बिना कुआं खोदे वह प्राप्त नहीं होता, वैसे ही परमात्मा कण-कण में है, लेकिन बिना विश्वास की खुदाई किए उसकी कृपा का अनुभव नहीं किया जा सकता। राम राज्य और सामाजिक समरसता महाराज ने उत्तरकांड के प्रसंगों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम का चरित्र हमें जोड़ना सिखाता है।

## ट्रैफिक पुलिस लागू करेगी फोर पिलर मॉडल प्रत्येक बुधवार को रहेगा ट्रैफिक सेफ्टी डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रदेश में 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की थीम के साथ संचालन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं समस्त चैकी प्रभारियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात नियमों से संबंधित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

सड़क सुरक्षा माह का महत्व केवल यातायात के नियमों का पालन नहीं है बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व है जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट पहनना, गति सीमा का पालन करना, नशे की हालत में वाहन न चलाना जैसे छोटे-छोटे प्रयास मिलकर गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। सड़क सुरक्षा के नियमों को अपना कर न केवल हम अपना बल्कि अपने परिवार और समाज का भविष्य भी सुरक्षित कर सकते हैं।






### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रस्तावित गतिविधियां

1. सुगम यातायात हेतु सुधार कार्य अशोकनगर शहर के चिन्हित अवैध कट पॉइंट को बंद करना, नवीन बस स्टैंड चैराहे एवं त्रिदेव तिराहे पर अस्थाई गोलंबर, अस्पताल तिराहे पर स्प्रिंग पोस्ट के माध्यम से रास्ता क्लियर, मिलन तिराहे एफओबी पॉइंट पर स्टॉपर के माध्यम से रास्ता क्लियर, पेट्रोल पंप के पास डिवाइडर से रूट डिवाइड करना, पेट्रोल पंप के पास स्थित खाली भूमि का पार्किंग में उपयोग, गांधी पार्क पर रोड पार्किंग, जिससे हाथ ठेले व्यवस्थित प्रकार से लग सके, स्थाई रूप से खड़े कंडम वाहनों पर कार्यवाही बस स्टैंड तिराहे पर अनाउंसमेंट सिस्टम, राजमाता चैराहा युगल सरकार मंदिर तिराहा, बस स्टैंड तिराहा, पछाड़ीखेड़ा चैराहा, सेन तिराहा, त्रिदेव तिराहा, दुबे हॉस्पिटल तिराहा पर स्पीड ब्रेकर, स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर, एक्सीडेंट प्रोन एरिया ब्लैक स्पॉट पर रेडियम पट्टी ब्लिंकर्स डेलीनेटर, वॉल गार्ड, रोड स्टड एक्सीडेंट प्रोन एरिया में साइन बोर्ड इत्यादि लगाना।
2. यातायात जागरूकता यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, राहवीर, कैशलेस योजना, हिट एंड रन मुआवजा योजना का व्यापक प्रचार, ट्रैफिक सिविक सेंस विकसित करने हेतु स्कूल, कोचिंग में जागरूकता कार्यक्रम, यातायात चैपाल ग्रामीण स्तर पर प्रति सप्ताह, सोशल मीडिया पर ट्रेफिक अवेयरनेस, ट्रैक्टर ट्राली, लोडिंग वाहन एवं डिवाइडर रेलिंग आदि पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाना।

## नव वर्ष पर एक दूसरे को पौधे देकर लिया ज्यादा पौधे लगाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अखिल भारतीय अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महिला परिषद द्वारा नववर्ष को एक अनूठे एवं प्रेरणादायक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को पौधे भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं तथा वर्ष 2026 में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में मुख्य भूमिका रामेती रघुवंशी की रही। साथ ही रघुवंशी समाज एवं अशोकनगर शहर को गौरवान्वित करने वाले अक्षत रघुवंशी की माताजी अनुसुइया रघुवंशी का पुष्पहार से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृष्णा रघुवंशी, टीना रघुवंशी, कविता रघुवंशी, सीमा रघुवंशी, उमा रघुवंशी एवं परिषद की अध्यक्ष दीपा रघुवंशी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज में सकारात्मक संदेश देना रहा।



## हिंदू एकता भारत को विश्व गुरु बना सकती हैः आचार्य देवमुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

छापर में मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने हिंदू जनमानस को संबोधित करते हुए कहा आज जगह-जगह हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं आरएसएस के शताब्दी महोत्सव के माध्यम से मंडल एवं जिला स्तरीय हिंदू सम्मेलन किये जा रहे हैं। कार्यक्रमों में संघ के जिला एवं अन्य पदाधिकारी के साथ-साथ धर्माचार्य भी कार्यक्रमों में संबोधन कर हिंदू जनों को एकत्र करने एवं मजबूत करने के लिए जी जान लगा रहे हैं।

छापर में संबोधित करते हुए देव मुरारी बापू ने कहा कि एकता ही हमको मजबूत करेगी वह भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए अग्रसर हो गई इसके लिए हर घर से एक हिंदू सनातन धर्म एवं भारत माता की रक्षा के लिए समर्पित करना होगा। सम्मेलन में उच्च नीच का भेदभाव खत्म करने की अपील करते हुए सर्व समाज के लोगों को आवत किया गया और यह कार्यक्रम सकल हिंदू समाज के बैनर तले संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में बहुत संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ और समान रूप से एक साथ बैठकर सब लोगों ने भोजन प्रसादी लिया। इसमें मंच पर अंतरराष्ट्रीय धर्माचार्य जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू, मदन गिरी, शंकर गिरी, आरएसएसके लखन शिवहरे अशोकनगर जिला सहकारी वह वीरेंद्र सिंह रघुवंशी शारीरिक प्रमुख रविंद्र रघुवंशी आदि मौजूद थे।



## नव वर्ष का स्वागत आपसी भाईचारे के साथ किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पंजाबी महिला विकास समिति ने नव वर्ष का स्वागत किया इस मौके पर आपसी भाईचारे, खुशी और उत्साह के साथ नव वर्ष का स्वागत किया गया और शुभकामनाएं बांटी गईं।

यह आयोजन शहर के सुंदर और प्राकृतिक वातावरण वाले स्थल पर आयोजित की गई । जहां समिति की सभी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत नए वर्ष की शुभकामनाओं के आदान प्रदान से की गई। इसके बाद मनोरंजक गेम्स, संगीत और डांस का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं ने हिस्सा लिया। पिकनिक के दौरान स्वादिष्ट नाश्ता और भोजन की भी व्यवस्था की गई सभी ने मिलकर भोजन का आनंद लिया और हंसी खुशी के इस माहौल ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा ने सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और आने वाले समय में इस तरह के आयोजन करते रहने की बात कही। अध्यक्ष के साथ सचिव मीता सदाना सुषमा,रानी, मंजू, सोनू, सोनिया, रोशनी, शशि आदि मौजूद थे।

## सीएमएचओ ऑफिस के बाबू के मनचलेपन से परेशान है महिला कर्मचारी

# बेटी को परेशान करने पर पिता ने सीएमएचओ से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल के सीएमएचओ ऑफिस में महिला कर्मचारी को आए दिन परेशान करने को लेकर पिता ने सीएमएचओ के साथ साथ कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी से स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बाबू ऋषि विजयवर्गीय पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। पिता आरजी प्रजापति ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि आए दिन उनकी बेटी को ऋषि मानसिक रूप से परेशान करता है और कहता है कि यहां से कहीं ओर स्थानांतरण करवा लो। ऐसी स्थिती में बेटी को मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ रहा है। यदि भविष्य में मेरी बेटी को कुछ होता है तो उसका जिम्मेदार ऋषि विजयवर्गीय होगा।

हरिभूमि से बात करते हुए सीएमएचओ ऑफिस में कार्यरत महिला ने बताया कि 2025 में जब वह डॉ किरण वाडिवा से काम के सिलसिले में उनके चेंबर में जा रही थी तो मेरी जेब में बाबू




ऋषि विजयवर्गीय ने कंडोम का छोटा बॉक्स रख दिया। जिसके बारे में मैंने तात्कालीन सीएमएचओ डॉ किरण वाडिवा को बताया था। परंतु कोई ऑफिशियल कार्रवाई उस समय नहीं हो पाई। जिसके कारण फिर उसके हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन परेशान करता रहता है। कई महिलाएं बदनामी के डर के कारण बहुत कुछ सह जाती हैं परंतु अब हद हो गई है तो मुझे आपसे अपनी बात कहना पड़ रही है।

### कुछ दिन पूर्व ही खुलेआम ऑफिस में दी थी गालियां

स्वास्थ्य विभाग के जिला मुख्यालय पर सीएमएचओ ऑफिस में पदस्थ ऋषि विजयवर्गीय इतने हल्के हो गए हैं कि सरेआम गालियां देने में भी उन्हें कोई गुरेज नहीं है। फिर चाहे महिला ही क्यों न वहां पर उपस्थित हो। इस मामले की जांच भी हुई परंतु जांच रिपोर्ट अलमारी में बंद हो गई और एक बार फिर बाबू अपनी गलती के बाद भी ऑफिस में टिके हुए हैं। इन पर कार्रवाई कब होगी जिससे महिला कर्मचारी सुरक्षित अपना काम कर सके। इस संबंध में बाबू ऋषि विजयवर्गीय का जवाब जानना चाहा लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया।

**परेशान करने किया गया था स्थानांतरण:** सहायक ग्रेड 3 पर पदस्थ महिला कर्मचारी बताती हैं कि इन्हीं लोगों ने मुझे परेशान करने के लिए ही मेरा स्थानांतरण सीएमएचओ जिला मुख्यालय से माचलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर कर दिया। बिडम्बना यह की वहां पर सहायक ग्रेड 3 का पद ही स्वीकृत नहीं है जिस पर हाईकोर्ट इंदौर ने संज्ञान लेते हुए मुझे स्टे दिया।

### इनका कहना है...

मैं अभी कुछ दिनों के लिए बाहर आई हूं, आने के बाद इस मामले को देखती हूं।

**डॉ शोभा पटेल**
**सीएमएचओ राजगढ़**

## कालीपीठ पुलिस और अहिंसा टीम का सृजन कार्यक्रम का समापन

# किशोरियों को सिखाया नि-अस्त्र कैसे करें अपनी आत्मरक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा कालीपीठ थाना क्षेत्रान्तर्गत में चल रहे 18 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन शनिवार को हुआ। समापन के दौरान उपस्थित बालिकाओं, किशोरियों को सिखाया गया कि अगर उनके पास किसी तरह का अस्त्र आदि नहीं हो तो वे कैसे अपनी आत्मरक्षा कर सकती हैं। इसके साथ ही पावर-वॉक प्रदर्शन के दौरान किशोरियों ने अपने आत्मविश्वास, अनुशासन और सीख को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान किशोर-किशोरियों को प्रतिदिन आत्मरक्षा के गुर, कानूनी प्रावधानों की जानकारी, बाल अधिकार, तथा बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, उन्हें सामुदायिक पुलिसिंग के महत्व और पुलिस-समाज के सहयोगी रिश्ते को समझने का व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। कालीपीठ के पूर्व सरपंच जगदीश दांगी ने उपस्थित बच्चों की सराहना करते हुए कहा- हमारे क्षेत्र में जो कुरीतियाँ फैल रही हैं, उन्हें हम सब मिलकर समाप्त करेंगे। राजगढ़ एसडीओपी अरविंद राठौर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोर-किशोरियाँ अब सीख रहे हैं, समझ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान सूबेदार मधु रघुवंशी, कुलदीप चंद्रपाल, दीपेन्द्र राजपूत, तथा अहिंसा वेलफेयर सोसायटी से मनीष दांगी, अनिकेत दांगी, भाग्य आदित्य सिंह सहित पूरी टीम ने प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक प्रशिक्षण एवं कार्यशालाएँ संचालित कीं। यह आयोजन 15 दिसंबर से प्रारंभ हुआ था, जिसमें 100 से अधिक किशोर-किशोरियों ने सक्रिय भागीदारी की।

## इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौतों के बाद अलर्ट मोड पर प्रशासन

# सभी नगरीय निकायों में हर हफ्ते हो पेयजल की टेस्टिंग: कलेक्टर




**राजगढ़।** गत दिवस प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन से 14 लोगों की अकस्मात मृत्यु हुई थी। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए राजगढ़ के स्थानीय प्रशासन ने जिले के सभी नगरीय निकायों में पेयजल की हर हफ्ते पेयजल की टेस्टिंग के तल्ख निर्देश प्रदान किए हैं। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के सभी मुख्य नगर पा लि का अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी निकायों में पानी की टेस्टिंग प्रति सप्ताह की जाए। तीन दिवस में सभी वाटर सप्लाई प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। दूषित पानी की कही से भी शिकायत न आए यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जिसमें सभी नगरी निकायों की पाइप लाइनों का डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क जियोटेगिग किया जाए।

### ग्रामीण जल स्त्रोतों की टेस्टिंग भी करवाएं

उन्होंने बैठक में यह भी निर्देश दिए की सभी नगरीय निकायों से जल सप्लाई प्रभारी व सब इंजीनियर सहित 5-5 लोगों को वॉटर टेस्टिंग किट का रविवार को जिला स्तर पर पीएचई द्वारा प्रशिक्षण दिया जाए। ताकि नगरीय निकाय खुद भी पानी की जांच कर सके। बैठक से अनुपस्थित रहने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी छापीहेड़ा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि सभी ग्रामीण जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## डेढ़ दर्जन नोटिस के बाद प्रशासन ने की तालाबंदी, एसडीएम ने दिए निर्देश

# संडावता में 8 साल से बकाया लाखों की वसूली को लेकर सख्ती

**सारंगपुर।** तहसील के संडावता कस्बे में ग्राम पंचायत द्वारा निर्मित एवं नीलामी के माध्यम से आवंटित दुकानों की बकाया राशि को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वर्ष 2017 से बकाया चल रही नीलामी राशि जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आखिरकार कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील कर ताले लगवाए गए। प्रशासन की इस कार्रवाई से कस्बे में हड़कंप की स्थिति बनी रही।

जानकारी के अनुसार, आदर्श ग्राम पंचायत घोषित होने के बाद संडावता में बाजार विकास के उद्देश्य से ग्राम पंचायत द्वारा दुकानों का निर्माण कराया गया था। इन दुकानों को नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से व्यापारियों को आवंटित किया गया, लेकिन कई दुकानदारों ने वर्षों तक नीलामी की राशि जमा नहीं की। ग्राम पंचायत द्वारा लगातार



सूचना पत्र जारी किए जाने के बावजूद बकायादारों ने भुगतान नहीं किया। बताया गया कि वर्ष 2017 से अब तक डेढ़ दर्जन से अधिक नोटिस जारी किए गए थे।

एसडीएम रोहित बम्होंरे ने बताया कि संडावता सारंगपुर मार्ग पर स्थित 5 दुकानों तथा नवीन बस स्टैंड परिसर की 17 दुकानों सहित कुल 22 दुकानदारों पर करीब 31 लाख 50 हजार रुपए से अधिक की बकाया राशि थी। वसूली की निर्धारित समय-सीमा समाप्त होने के बाद भी राशि जमा नहीं करने पर कलेक्टर राजगढ़ के निर्देशानुसार टीएल बैठक में निर्णय लिया गया, जिसके तहत सख्त कार्रवाई की गई। एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार टप्पा संडावता शैलजा मिश्रा के नेतृत्व में गठित राजस्व एवं पंचायत अमले ने कार्रवाई को अंजाम दिया। प्रशासन की इस कार्रवाई को पंचायत की वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# निर्मल मन से की गई भक्ति प्रभु को प्रिय है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आशुतोष महाराज की कृपा से कुरावर मंडी के शिव धाम कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में पांच दिवसीय श्रीहरि कथा के तृतीय दिवस कथा व्यास साध्वी चित्रा भारती व भक्तिप्रभा भारती ने भक्त धन्ना जाट की ठाकुर जी अर्थात प्रभु श्रीकृष्ण के प्रति निश्चल भक्ति भाव की महिमा का भजन सरिता के साथ सुंदर व्याख्यान किया। जिससे मानव में मानवीय-दैवीय गुणों का सृजन होता है। साध्वीजी ने शांति एवं आनन्द के स्त्रोत शाश्वत सूत्र बृह्मज्ञान की प्राप्ति कर ध्यान शिविर में सम्मिलित हो ईश्वर तत्व के दर्शन के लिए प्रेरित किया। बड़ी संख्या में पधारे श्रोता बन्धुओं ने कथा प्रसङ्ग को बड़े ध्यान से श्रवण कर ज्ञान प्राप्ति हेतु उत्साहित हुए।

# नशे के विरुद्ध कार्रवाई: नरसिंहगढ़ में 5.38 लाख की अवैध शराब जब्त, 8 आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ राजगढ़ पुलिस के निरंतर अभियान के तहत थाना नरसिंहगढ़ पुलिस ने ग्राम नई दिल्ली कंजर डेरा में बड़ी कार्रवाई की। दबिश के दौरान पुलिस ने 905 लीटर अवैध शराब जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 38 हजार रुपए है। साथ ही कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 1500 लीटर लहान मौके पर ही नष्ट किया गया। यह कार्रवाई एसडीओपी नरसिंहगढ़ मिनी शुक्ला (आईपीएस) के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने मौके से 725 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब तथा 180 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब बरामद की। मामले में थाना नरसिंहगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर 8 आरोपियों जितेंद्र, अनिल, मनीष, राहुल, अभिषेक, अरुण, कमल गुदेंन एवं महेश (सभी निवासी नई दिल्ली कंजर डेरा, छोटा बैरसिया)कृके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# 'नारी शिक्षा की अलख जगाने वाली थीं सावित्रीबाई'

**सारंगपुर।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और महान समाज सुधारक माता सावित्रीबाई फुले ने 1848 में पुणे में पहला बालिका विद्यालय खोलकर नारी शिक्षा की नींव रखी, उस समय जब महिलाओं को घर से बाहर निकलने तक की अनुमति नहीं थी। इस दौर में महिलाओं की शिक्षा के लिए उन्होंने जो क्रांति की, उससे मैं व्यक्तिगत रूप से अत्यंत प्रभावित और भावुक हूं।

समाज के तीव्र विरोध के बावजूद, जब उन पर कीचड़ फेंका जाता था, तब वे अतिरिक्त साड़ी लेकर जातीं और साड़ी बदलकर पूरे साहस के साथ बच्चियों को पढ़ाती थीं। उन्होंने दलितों और महिलाओं के लिए अनेक विद्यालय स्थापित किए, विधवाओं हेतु बालहत्या प्रतिबंधक गृह शुरू किया और छुआछूत



व बाल विवाह के विरुद्ध संघर्ष किया। प्लेग महामारी में रोगियों की सेवा करते हुए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनकी सोच आज भी हमें सिखाती है कि शिक्षा ही समाज को बदलने की सबसे बड़ी ताकत है भारत में महिला शिक्षा की नींव रखने वाली सावित्रीबाई फुले सिर्फ एक नाम नहीं बल्कि एक विचार हैं यह बात फूल माली समाज सारंगपुर क्षेत्र एवं महात्मा ज्योतिबा फुले समता परिषद जिला इकाई द्वारा शनिवार को महात्मा फुले चैराहे पर सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशी बजाज ने कही कार्यक्रम को ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा महाविद्यालय प्राचार्य ममता खोईया नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका समाज सुधारक और कवयित्री थीं जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं और दलितों की शिक्षा व सामाजिक समानता के लिए अथक संघर्ष किया भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला और विधवा पुनर्विवाह व बाल विवाह विरोधी अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


# एक पेड़ भविष्य के नाम तहत एनएसयूआई ने लगाए पौधे



**ब्यावरा।** शहर के कॉलेज अध्यक्ष हर्षित दांगी व अनमेष दांगी द्वारा शनिवार को ब्यावरा महाविद्यालय में एनएसयूआई द्वारा एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। युवा शक्ति के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण का यह संकल्प आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित, हरित और स्वस्थ भविष्य को समर्पित है। साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे। पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह, डॉ भारत वर्मा, महेंद्र यादव, कपिल शिवहरे, रचना भार्गव, राहुल दांगी, चेनसिंह, फूल सिंह, ग्यानु विजयवर्गीय, अर्पित शर्मा, गंगा चौहान, कैलाश, यूनिश मोहम्मद, लक्की दांगी आदि शामिल हुए।

## 13 जनवरी होगा भूमिपूजन, निकलेगी धर्म ध्वज व कलश यात्रा

# खुजनेर में 21 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

कुंज नगर खुजनेर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 21 जनवरी को होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा, जिसको लेकर नगर में तैयारिया की रूप रेखा तैयार की जा रही एवं आयोजन समितियों का गठन किया गया है। 13 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन के निमित्त नगर में भव्य धर्म ध्वज कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं कार्यक्रम स्थल पर भूमिपूजन किया जाएगा।

पूरे नगर में भगवा पताका लगाई जाएगी स्वयंसेवकों द्वारा प्रत्येक हिन्दू समाज के घर घर पीले चावल देकर हिन्दू सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया जाएगा नगर में हिन्दू सम्मेलन के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं, जिनमें भूमि पूजन, जनसंपर्क, प्रभात फेरियां और बैठकें आयोजित हुई ताकि समाज में एकता, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रहित के भाव को मजबूत किया जा सके आयोजन समितियों द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जा रही है, जिसमें मंच व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई स नगर में प्रातः 5 बजे से भजन-कीर्तन के साथ प्रभात फेरी भी निकाली जा रही हैं। संगठित समाज सशक्त हिन्दू, सशक्त राष्ट्र, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति जैसे विषय ओर पंच परिवर्तन पर प्रतिदिन नए नए नवाचार भी किए जाएंगे।

## ग्राम बागोरी और तलावली को मिली विकास कार्यों की सौगात

# 90 लाख से निर्मित होंगे 3 सामुदायिक भवन व पुलिया

**ब्यावरा।** मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को ग्राम बागोरी एवं तलावली में करीब 90 लाख की लागत से निर्मित होने वाले तीन सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री पंवार ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में बीते 22 वर्षों तथा केंद्र में पिछले 12 वर्षों में जितने विकास कार्य हुए हैं, उतने पहले कभी नहीं हुए। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन का परिणाम है।

मंत्री पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर





विकास की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में सड़क, पुल, भवन, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में मध्य प्रदेश शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, सिंचाई परियोजनाओं एवं ग्रामीण अधोसंरचना विकास योजनाओं के माध्यम से आमजन के जीवन स्तर को सुदृढ़ किया जा रहा है। मंत्री पंवार ने कहा कि किसानों की आर्थिक मजबूती प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। कृषि से जुड़े विभिन्न नवाचार, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और सीधी सहायता योजनाओं के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर, मानसिंह, रामनारायण दांगी, मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह, श्याम सिंह चैहान, जयेंद्र गुर्जर, गोपाल बादशाह, सरपंच रमेशचंद्र यादव, सरपंच श्री रामगोपाल दांगी, आरईएस ईई बसंत कुमार सूर्यवंशी, प्रवीण सिंह भील सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।